पंजाब केसरी
WED,10 JUNE 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# 13 जून को दो शिफ्टों में होगी टी.ई.टी. परीक्षा

## धर्मशाला मैच के कारण समय से पहले पहुंचने की सलाह

धर्मशाला, 9 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जून-2026 की टी.ई.टी. परीक्षाएं आगामी 13 जून को दो सत्रों में आयोजित की जाएंगी। तय शैड्यूल के अनुसार टी.जी.टी. (आर्ट्स) टी.ई.टी. की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक ली जाएगी। इसके ठीक बाद दूसरे सत्र में टी.जी.टी. (मैडीकल) टी.ई.टी. की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी।



धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के चलते पैदा होने वाली ट्रैफिक की स्थिति को देखते हुए अभ्यर्थी यथासंभव एक दिन पूर्व ही धर्मशाला पहुंच जाएं। यह सलाह केवल अभ्यर्थियों की सुविधा और परीक्षा में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी की गई है। सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

-डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

बोर्ड ने सभी अभ्यर्थियों से कहा है कि वे परीक्षा केंद्र पर अपने प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर ही आएं। गौर करने वाली बात यह है कि दिनांक 13 जून 2026 को ही धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी आयोजित होने जा रहा है। इस महामुकाबले के कारण धर्मशाला एवं आसपास के तमाम क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ने और भारी जाम लगने की पूरी संभावना है।

Dainik Jagran
10-06-2026

# टेट के लिए एक दिन पहले आएं अभ्यर्थी

जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला : धर्मशाला में क्रिकेट मैच के कारण टेट अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। 13 जून को भारत और अफगानिस्तान के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के कारण धर्मशाला शहर में ट्रैफिक दबाव बढ़ने की संभावना है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) का टेट 13 जून को सुबह 10 से 12:30 बजे तक और टीजीटी (मेडिकल) का दोपहर 2 से 4:30 बजे तक होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे संभावित भीड़ और ट्रैफिक को देखते हुए एक दिन पूर्व ही धर्मशाला पहुंच जाएं।


डा. शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचें और अपना प्रवेश पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। विशेष रूप से धर्मशाला मार्ग से जुड़े परीक्षा केंद्रों जैसे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बालिका) धर्मशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटौर, शाहपुर और दाड़ी में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा की अग्रिम योजना बनाएं और यथासंभव एक दिन पूर्व धर्मशाला पहुंचें।

Dainik Bhaskar 10-06-2026

# मैच के कारण स्कूल शिक्षा बोर्ड ने टेट अभ्यर्थियों के लिए जारी की एडवाइजरी

**धर्मशाला|** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 13 जून को आयोजित होने वाली टीईटी जून-2026 परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि उसी दिन धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच होने के कारण शहर और आसपास के क्षेत्रों में भारी यातायात दबाव रहने की संभावना है। ऐसे में टीजीटी (आर्ट्स) और टीजीटी (मेडिकल) टेट के अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है। टीजीटी (आर्ट्स) परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (मेडिकल) परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक होगी। धर्मशाला, मटौर, शाहपुर और दाड़ी स्थित परीक्षा केंद्रों के अभ्यर्थियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने तथा परीक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है।

# धर्मशाला में भारत-अफगानिस्तान मैच के कारण TET अभ्यर्थियों के लिए बोर्ड ने जारी की विशेष सलाह



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने 13 जून 2026 को होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इस दिन धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जाना है। मैच के कारण धर्मशाला और उसके आस-पास के रास्तों पर गाड़ियों की भारी भीड़ और ट्रैफिक जाम होने की पूरी संभावना है। इस स्थिति को देखते हुए बोर्ड ने अभ्यर्थियों को समय से परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। कार्यक्रम के अनुसार 13 जून को सुबह 10:00 से दोपहर 12:30 तक TGT आर्ट्स की परीक्षा होगी, जबकि इसी दिन दोपहर 2:00 से शाम 4:30 तक TGT मेडिकल की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र धर्मशाला में है, उन्हें किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए हो सके तो 1 दिन पहले ही धर्मशाला पहुंचने का सुझाव दिया गया है। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि अभ्यर्थी परीक्षा के दिन केंद्र पर समय से काफी पहले पहुंचें और अपने साथ एडमिट कार्ड तथा जरूरी दस्तावेज लाना न भूलें। उन्होंने साफ किया कि यह सलाह केवल अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए दी गई है ताकि ट्रैफिक की वजह से किसी की परीक्षा न छूटे। अंत में बोर्ड अध्यक्ष ने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे नियमों का पालन करने की अपील की।

# TET जून-2026 की शेष परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित होंगी

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) जून-2026 की शेष विषयवार परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) TET परीक्षा दिनांक 13 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (मेडिकल) TET परीक्षा उसी दिन दोपहर 02:00 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार जेबीटी TET14 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (संस्कृत) TET दोपहर 02:00 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होगी।डॉ. शर्मा ने बताया कि पंजाबी TET परीक्षा 17 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा उर्दू TET परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त टीजीटी (नॉन-मेडिकल) TET परीक्षा 21 जून 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा टीजीटी (हिंदी) TET परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होगी।उन्होंने कहा कि सभी परीक्षाओं की अवधि 2 घंटे 30 मिनट निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करें तथा अपने प्रवेश पत्र एवं वैध पहचान पत्र साथ लेकर आएं।बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।




राजेश शर्मा

JUNE 10, 2026 WEDNESDAY DHARAMSHALA

# The Sunny Times

## DON'T LET MATCH DAY MADNESS RUIN YOUR TET EXAM: HPBOSE WARNS OF GRIDLOCK



"TO AVOID PREDICTABLE GRIDLOCK AND ENSURE YOU DO NOT MISS THIS CRUCIAL CAREER MILESTONE, WE STRONGLY ADVISE ARRIVING IN THE DHARAMSHALA AREA A DAY EARLY."

-DR. RAJESH SHARMA

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

If you are an aspirant heading to Dharamshala for the upcoming Teacher Eligibility Test (TET), you need to listen up and plan right now. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has issued an urgent travel advisory for candidates appearing for the TGT Arts and TGT Medical exams scheduled for June 13.

The twist? On that exact same day, Dharamshala's scenic stadium is hosting a massive, high-profile One Day International cricket match between India and Afghanistan.

HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma warned that the clash of a major international sports event and a state-level exam is a recipe for absolute gridlock on the roads. Because thousands of cricket fans and test-takers will descend on the mountain town simultaneously, traffic is expected to choke Dharamshala and its neighboring routes. To prevent candidates from getting stuck in bumper-to-bumper traffic and missing their career-defining exams, the board chief is strongly urging students to travel early, advising them to arrive in the Dharamshala area a full day in advance on June 12.

The pressure is on because the exam schedule leaves no room for delays. The TGT Arts test kicks off in the morning from 10:00 AM to 12:30 PM, while the TGT Medical exam takes over in the afternoon from 2:00 PM to 4:30 PM.

The traffic bottleneck is expected to heavily impact specific test centers sitting right on the main transit veins. Candidates allocated to the Girls Government Senior Secondary School in Dharamshala, or the Government Senior Secondary Schools in Mataur, Shahpur, and Dari need to be on high alert. Dr. Sharma emphasized that this advisory isn't meant to cause panic, but rather to guarantee that students don't lose their chance to test due to predictable road delays. Candidates must pack their admit cards, double-check their essential documents, and aim to reach their designated halls well ahead of the official start times. Wishing all aspirants the best of luck, the board management has requested total cooperation with the exam guidelines to ensure a smooth, stress-free testing day despite the match-day madness.